SHRI M. SHANMUGAM (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

**श्री राजमणि पटेल** (मध्य प्रदेश): महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**Need to provide additional C.R.P.F. Battalions to the State of Chhattisgarh to tackle naxal threat**

**श्री पी.एल.पुनिया** (उत्तर प्रदेश): सर, मैं छत्तीसगढ़ को आवंटित सात सीआरपीएफ बटालियनों को शीघ्र उपलब्ध कराने के बारे में कहना चाहता हूं। वर्ष 2018 में गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के लिए सात अतिरिक्त सीआरपीएफ बटालियनें आवंटित की गई थी, जिनकी नक्सल विरोधी अभियानों में दक्षिण बस्तर के जिला सुकमा और बीजापुर में, अत्यंत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनाती का निर्णय लिया गया था, लेकिन अभी तक तैनाती नहीं हो सकी है। महोदय, चयनित लोकेशन पर बटालियन मुख्यालय के इन्फ्रास्ट्रक्टर निर्माण हेतु राशि आवंटित करके अधिकांश लोकेशन पर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। दूरसंचार सुविधा में वृद्धि के लिए 525 मोबाइल टावर स्थापित किए जा चुके हैं। 1028 टावरों की स्वीकृति हेतु गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भी भेजा है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर से दस 10 सीआरपीएफ बटालियनों को कार्यमुक्त किया जा रहा है। इससे छत्तीसगढ़ के लिए 7 बटालियनों को उपलब्ध कराया जा सकता है। आपके माध्यम से निवेदन है कि छत्तीसगढ़ को पूर्व से आवंटित सात सीआरपीएफ बटालियनों को अतिशीघ्र उपलब्ध कराया जाए, जिससे नक्सल विरोधी अभियानों के संबंध में प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I associate myself with the matter raised by the hon. Member.

SHRI BHASKAR RAO NEKKANTI (Odisha): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

**श्रीमती छाया वर्मा** (छत्तीसगढ़): महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करती हूं।

**श्री राजमणि पटेल** (मध्य प्रदेश): महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**श्रीमती फूलो देवी नेतम** (छत्तीसगढ़): महोदय, मैं भी माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करती हूं।

**Need to resolve the issue of long pending dues of B.S.N.L. workers**

MS. DOLA SEN (West Bengal): Thank you, Chairman, Sir, for allowing me to deliver my Zero Hour submission. My topic today is about the BSNL Workers who are